# प्रयोग : एनीकेट की ऊंचाई बढ़ने से स्टोर हो सकेगा अतिरिक्त पानी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 7 जनवरी. माचना एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाकर नगरपालिका ज्यादा से ज्यादा पानी रोकने का प्रयास कर रही है। अभी यह अस्थाई तौर पर एक प्रयोग है, यदि यह सफल होता है तो आने वाले समय में इसे स्थाई रूप दिया जायेगा।**

**नपा द्वारा अभी अस्थाई तौर पर किया जा रहा प्रयोग**

**लोहे की प्लेटों को एक-एक फीट तक जोड़ा**

दरअसल अभी माचना एनीकेट की जल भंडारण क्षमता करीब 0.73 एमसीएम है। जहां से शहर के सभी वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती है। एनीकेट की क्षमता कम होने के कारण मार्च तक ही इसका पानी शहर की प्यास बुझा पाता था। अब एक-एक फीट गेट की ऊँचाई बढ़ाकर पिल्लरों पर सीमेंट की बोरियों के सहारे ऊंचाई बढ़ाने की योजना है। जिससे एनीकेट की क्षमता में इजाफा किया जा सके। इसका पूरा स्ट्रक्चर तो फिर से नहीं बनाया जा सकता, लेकिन इसकी क्षमता में थोड़ा-बहुत इजाफा किया जा सकता है। पहले एनीकेट का अंदरूनी हिस्सा खोखला था, लेकिन अब उसकी मरम्मत हो चुकी है। इसलिए ऐसा करना संभव है। इसी के तहत यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि यह प्रयोग सफल होता है तो नगरपालिका के पास 10 से 15 दिनों का अतिरिक्त पानी स्टोर रहेगा।



**कम नहीं हुआ एनीकेट का महत्व:** वैसे नगरपालिका ने पुराने फिल्टर प्लांट के सामने ही नया और अधिक क्षमता वाला प्लांट बनाया है। खेड़ी में ताप्ती नदी पर अधिक क्षमता वाला बैराज भी बनवाया है। इससे अब पानी वहीं से लिया जा रहा है। लेकिन माचना एनीकेट का महत्व इसके बावजूद कम नहीं हुआ। ताप्ती से पानी लेने में जब भी कोई परेशानी होती है, तब शहरवासियों की प्यास माचना एनीकेट ही बुझाता है। इससे नया बैराज बनने के बावजूद माचना एनीकेट अभी भी शहर की लाइफ लाइन बना हुआ है। नपा के इंजीनियरों का मानना है कि चूंकि ऊपरी हिस्से में पानी का ज्यादा प्रेशर नहीं होता। इसलिए इस तरह से पानी आसानी से रोका जा सकता है। हाईट बढ़ाकर इसमें इतना अतिरिक्त पानी स्टोर हो सकेगा, जिससे कि शहर में 10 से 15 दिन तक सप्लाई की जा सकेगी। वैसे नपा का यह प्रयोग तुरंत काम में नहीं आ सकेगा, क्योंकि एनीकेट का जलस्तर कम हो रहा है।

**अभी एक दिन के अंतराल में हो रही पानी सप्लाई :** शहर में 33 वार्ड है। इन वार्डो में नगरपालिका द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई के लिए शहर में 9 टंकियां हैं। इनके माध्यम से रोजाना 22 से 75 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। अभी एक दिन के अंतराल से सप्लाई होती है।

### तीन गुना बढ़ चुकी है शहर की आबादी

शहरवासियों को जल आपूर्ति करने के लिए दशकों पहले विवेकानंद वार्ड में नगरपालिका द्वारा फिल्टर प्लांट और एनीकेट का निर्माण कराया था। निर्माण के बाद से माचना एनीकेट शहर की लाइफ लाइन बना हुआ है। जहां से शहर के सभी वार्डो में पानी की सप्लाई होती है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त माचना एनीकेट का निर्माण किया गया था, उसके अनुपात में अब शहर की आबादी करीब तीन गुणा तक बढ़ गई है। इसके बाद भी माचना एनीकेट से पानी की आपूर्ति बनी हुई है। मार्च में माचना एनीकेट में पानी का लेवल कम होने या सूखने पर लाखापुर से पानी लाकर माचना एनीकेट में छोड़ा जाता है, जहां से पूरे शहर में पानी की सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाये रखा जाता है।

अभी माचना एनीकेट की एक फीट ऊंचाई बढ़ाने के लिए अस्थाई तौर से लोहे की प्लेटो को जोड़ा गया है, वहीं सीमेंट के पिल्लरों पर बोरी बंधान करके पानी रोकने का प्रयास है। यह प्रयोग सफल होता है तो इसे स्थाई रूप दिया जायेगा। जिससे कि अधिक से अधिक पानी माचना में रोका जा सके।

**- धर्मेन्द्र राठौर,**
सब इंजीनियर,
जल शाखा, नपा बैतूल

### लोहे की प्लेटो को एक-एक फीट जोड़ा

माचना एनीकेट की ऊंचाई बढ़ाने के लिए फिलहाल लोहे की प्लेटो को एक-एक फीट वेल्ड किया गया है। वहीं कांक्रीट के पिलरों की ऊंचाई सीमेंट की बोरियों के सहारे बढ़ाई जा रही है। नपा के इंजीनियरों का मानना है कि चूंकि ऊपरी हिस्से में पानी का ज्यादा प्रेशर नहीं होता। इसलिए इस तरह से पानी आसानी से रोका जा सकता है। हाईट बढ़ाकर इसमें इतना अतिरिक्त पानी स्टोर हो सकेगा, जिससे कि शहर में 10 से 15 दिन तक सप्लाई की जा सकेगी। वैसे नपा का यह प्रयोग तुरंत काम में नहीं आ सकेगा, क्योंकि एनीकेट का जलस्तर कम हो रहा है। ऐसे में फिलहाल जल स्तर बढने् की कोई उम्मीद नहीं है। यदि आने वाले दिनों में अच्छा मावठा बरस जाता है तो जरुर पानी बढ़ जाएगा या फिर पानी खत्म होने पर नपा जब लाखापुर डैम से पानी लेगी, तब इसके पूरा भरने की उम्मीद है।

## एक नजर में

### आम आदमी पार्टी ने ईटा भट्टा में किया जन संवाद

**सारनी।** आम आदमी पार्टी ने मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत जल आवर्धन योजना नल कनेक्शन राशि पूर्ण माफ़ एवं जल कर राशि हाफ को लेकर 12 वां जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान वार्ड 10 के ईटा भट्टा में किया। प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी ने कहा कि जलावर्धन योजना की राशि चार हजार के विरोध में 3 नवंबर से निरंतर वार्डो में वार्डवासियों के बीच जाकर जन संवाद हस्ताक्षर अभियान किया जा रहा है। श्री सोनी ने कहा कि जन विरोधी प्रस्ताव में इस योजना की जमीनी वास्तविकता और जनता के साथ किए गए छलपूर्वक गुमराह करके किस्तों का हवाला देकर वसूली करने का कार्य नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर अनिल पवार, प्रीतम भूमरकर, थब्बीराम डोंगरे, अजय सरनकर,संजय खातरकर एवं महिला नेत्री श्रीमती शांति पाल,सुमन कुरानिया,दुर्गा बाथम मौजूद रहे।

### सड़क बना रहा मिलर पलटा, चालक घायल

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम पाठाखेडा में गांव से नदी की ओर सीमेंट क्रांकिट रोड का निर्माण किया जा रहा है। सडक निर्माण के लिए मिलर में सीमेंट मसाला लाया गया था । जिससे मौके पर सडक निर्माण किया जा रहा था। मिलर चालक नशे में वाहन चला रहा था। जिससे मिलर बेकाबु होकर पलट गया और मिलर के नीचे दबकर मिलर चालक हंसू उम्र 25 साल निवासी झांसी गंभीर रूप से घायल हो गया । मौके पर उपस्थित लोगो द्वारा जेसीबी मशीन से मिलर सीधा कर चालक को बाहर निकाला गया । चालक की हालत गंभीर होने से उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल बैतूल ले जाया गया है।

### भोजनशाला में मनाया जन्मदिन

**बैतूल।** अस्पताल में मरीज और उसके परिजनों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसमें सबसे जरूरी भोजन की परेशानी होती है। इसी उद्देश्य को लेकर बैतूल सेवा समिति भोजनशाला की जिला अस्पताल परिसर में बुधवार को सेवानिवृत्त पटवारी कचरू देशमुख के 80वें जन्मदिन पर भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को सम्मान पूर्वक भोजन करवाया गया।

## ताप्ती महोत्सव को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आगामी 14 जनवरी से 16 जनवरी तक मां ताप्ती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।**



महोत्सव के आयोजन को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव कहार द्वारा अधिकारियो की बैठक ली एवं जिम्मेदारी सौपी है। बैठक में तहसीलदार डॉ संजय बरैया,यशवंत सिंह गिन्नारे,राजेश दुबे,सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, पीडब्लूडी एसडीओ,उपयंत्री डीआर कर्मकार सहित बिजली विभाग, जलसंसाधन विभाग, शिक्षा विभाग,पीएचई विभाग के अधिकारी एवं पुलिस विभाग सें एसआई कुमरे मौजूद थे।

बैठक में तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव कों भव्यता के साथ मनाएं जाने एवं जरुरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई ।वही आने वाले कलाकारों की सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन सहित रुकने की व्यवस्था पर चर्चा कर विभागों कों कार्य सौंपे गए ।वही एसडीएम राजीव कहार नें तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव कों लेकर नगर की यातायात व्यवस्था कों सही तरह सें संचालित करने पार्किंग स्थलों के चयन और कार्यक्रम स्थल पर जरुरी कार्य तय समय सीमा पर पूर्ण करने की बात कही। साथ मनाएं जाने एवं जरुरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। महोत्सव में आने वाले कलाकारों की सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन सहित रुकने की व्यवस्था पर चर्चा कर विभागों कों जिम्मेदारी सौपी गई। एसडीएम राजीव कहार नें तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव के दौरान नगर की यातायात व्यवस्था कों सही तरह सें संचालित करने व पार्किंग स्थलों के चयन और कार्यक्रम स्थल पर जरुरी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करने ने निर्देश दिए है।

## 4 दुकानों में लगी आग, सामान जलकर राख

**मुलताई।** मुलताई आठनेर रोड पर स्थित ग्राम राय आमला में मंगलवार की रात करीब सवा 11 बजे मेनरोड पर स्थित 4 दुकानों में आग लग जाने से दूकान सहित सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात बताया जाता है। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पुरी ने बताया मंगलवार की रात करीब सवा 11 बजे ग्राम राय आमला में मेन रोड किनारे स्थित दुकानों में आग लगने की सूचना मिलने पर नगरपालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे तो बुधराव लाड़े,पंजाबराव लाड़े एवं अशोक गणेशे की दुकानों में आग लगी हुई थी। फायर टीम द्वारा आग बुझाई गई। जिसमे पंजाबराव की चाय एवं किराना की दुकान थी ,बुधराव की पान ठेला एवं हार्डवेयर की दुकान और अशोक की कीटनाशक दवाई एवं कपड़े की दुकान थी। नपा की फायर टीम एवं आठनेर नगर परिषद की फायर टीम द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक पंजाबराव की दुकान पूरी तरह जल गई। आगजनी से करीब 25 लाख का नुकसान होना बताया जाता है। आग बुझाने में फायर कर्मचारी मनोज सिंग, दीपक अहिरवार, सुमित पुरी की सराहनीय भूमिका रही।



## संविदा श्रमिकों को समान वेतन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से नई दिल्ली में भेंट कर श्रमिकों से जुड़े लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएमएस के महामंत्री रविंद्र हिमते ने किया। जिला मंत्री बैतूल पंजाब राव गायकवाड़ ने बताया कि मंत्री ने बीएमएस द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन में ईपीएफ एवं ईएसआई की वेतन-सीमा में वृद्धि, न्यूनतम पेंशन राशि को वर्तमान एक हजार से बढ़ाने, भारतीय श्रम सम्मेलन के शीघ्र आयोजन, बोनस गणना सीमा में वृद्धि, ग्रेच्युटी पात्रता 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने तथा सभी स्कीम वर्कर्स के मानदेय और प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग रखी गई। बीएमएस ने निजी, सार्वजनिक एवं सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत संविदा श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आईओसीएल, निजी टेलीकॉम कंपनियों, राज्य विद्युत बोर्ड, ईएसआईसी, एयर इंडिया एक्सप्रेस और कुडनकुलम परमाणु परियोजना से जुड़े मामलों का उल्लेख किया।

## राय आमला में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**मुलताई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम राय आमला में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महात्मा सौम्या नन्द ने कहा पाश्चात्य संस्कृति से जुड़कर हम अपने संस्कार खोते जा रहे हैं, पाश्चात्य को छोड़कर हमारी भारतीय संस्कृति ऐसी संस्कृति है जिसे विदेशी ग्रहण कर रहे हैं,चाह रखो तो सिर्फ देश के प्रति अपने सभ्य संस्कृति के प्रति नव युवकों को वेशभूषा भजन भोजन हमें अपनी संस्कृति के अनुसार करना होगा सकल हिंदू समाज को संगठित और एक रहना होगा। जात-पात की करो विदाई हम सब हिंदू भाई-भाई सनातन था है और रहेगा सनातन धर्म कभी खत्म नहीं हो सकता आदिकाल से सनातन धर्म बना हुआ है सनातन धर्म से सारे पंथ की शाखाएं हैं हम हिंदू इसी सनातन से जुड़े हुए हैं। हिंदू सम्मेलन में ग्राम रायआमला, ताईखेड़ा,सिरसावाडी,चंदोरा,आष्टा बघोड़ा, मीरापुर बलेगांव सहित अन्य ग्राम के सकल हिंदू समाज के बच्चे बुजुर्ग व गणमान्य नागरिक सहित विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भास्कर मगरदे,राजेश पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ शोभा यात्रा के साथ हुआ। जिसमें भारतीय सेना के जवान भारत माता राम सीता हनुमान की झांकी आकर्षण रही।



## एनएसयूआई ने आईटीआई परिसरों में किया पौधारोपण

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसयूआई बैतूल के जिला अध्यक्ष जैद खान के नेतृत्व में यह कार्यक्रम शासकीय आईटीआई एवं महिला आईटीआई परिसर में संपन्न हुआ, जहां संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए। यह अभियान विगत दिनों विदिशा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ था। पूरे मध्यप्रदेश में इस अभियान की शुरुआत एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा की गई है। यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा, जिसके अंतर्गत प्रदेशभर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष जैद खान ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा लगातार जंगलों की कटाई की जा रही है और कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में पड़ता जा रहा है।

## अम्माजी गौ शाला समिति ने सौंपा ज्ञापन

**सारनी।** अम्मा जी गौशाला समिति ने नपा कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन देकर बाउंड्रीवाल एवं लाइटिंग व्यवस्था की मांग की है। समिति के सचिव जगदीश आहूजा ने बताया कि क्षेत्र की गौ शाला का संचालन बेला बाई यादव एवं गौ सेवको के द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार गौ शाला में तेंदुआ एवं शेर के द्वारा गौ माता एवं बछड़ों का शिकार किया जा चुका है। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम को ज्ञापन देकर अम्माजी गौ शाला परिसर में तार फेंसिंग बाउंड्रीवॉल एवं गौ शाला से राजढोह पुल तक अंधेरा रहता है, इसी मार्ग से ग्राम लोनिया, बिकलई, राजेगांव खापा के सैकड़ों ग्रामीण रोजाना पावर प्लांट में कार्य करने एवं बच्चे कोचिंग स्कूल इसी रस्ते से आना जाना करते है, रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इसे देखते स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समिति के उपाध्यक्ष कृष्णा साहू राहुल कापसे नागेंद्र निगम वन विभाग के विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र चौहान, रामनाथ यादव राजकुमार नागले भागवत यादव मौजूद थे।



## पशुओं को कड़ाके की ठंड से बचाने यूथ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सारनी। यूथ कांग्रेस ने पशुओं को शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड से बचने के लिए यूथ कांग्रेस ने नपा सीएमओ को ज्ञापन दिया है।**

**जगह चिन्हित कर अलाव जलाने की मांग**

**नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

बुधवार को यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव योगेश सन्नी एरोलू एवं यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गौतम नागले ने नपा कार्यालय जाकर सीएमओ सीके मेश्राम को ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि नपा क्षेत्र में शीतलहर एवं कड़कड़ाती ठंड से आवारा पशुओं की मृत्यु हो रही है। श्री नागले ने कहा कि गाय के नाम पर राजनीति करने वाले दल के लोग ठंड में अपने-अपने आशियाने में दुबक कर बैठे हुए हैं। भाजपा को चुनावों में फायदा उठाने के लिए इस्तेमाल करती है और चुनाव खत्म होते ही गाय की ओर ध्यान नहीं देते है। सन्नी एरोलु ने कहा कि गौ माता किस हालत में है उनके चारे पानी की व्यवस्था है या नहीं इससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं रहता है। भाजपा का चाल चरित्र और चेहरे को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस नेता भूषण कांति एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हेमंत धोटे ने कहा कि गाय के नाम पर राजनीति करने वाले दल ने कड़ाके की ठंड मे मवेशियों बचाव के लिए कोई प्रयास नहीं किया है उन्होंने कहा कि नपा प्रशासन मवेशियों को कड़ाके की ठंड से बचाने के ऐसी जगह को चिन्हित करना चाहिए, जहां मवेशियों का झुंड रहता है। उन जगहों पर अलाव की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर योगेश एरोलू, गौतम नागले, भूषण कांति, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**ज्ञापन** राख बांध के लिए साल 2009 में अधिग्रहित की थी ग्राम पंचायत धसेड़ की 130 हेक्टेयर कृषि भूमि

## विकास कार्यों के वादा खिलाफी को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**सारनी। मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड सारनी पर ग्राम पंचायत धसेड़ के ग्रामीणों ने आश्वासन के अनुरूप विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया है।**

इसको लेकर ग्रामीणों ने सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट सारनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता से मुलाकात कर गोदग्राम धसेड़ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता सतपुड़ा ताप गृह सारनी के नाम अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत धसेड़ में स्टॉप डेम निर्माण, शासकीय स्कूल में कक्ष, सामुदायिक भवन निर्माण और राख बांध के रास्ते धसेड़, घोघरी तिराहे जहां अंधा मोड़ होने के चलते आए सड़क दुर्घटना वाले चिन्हित स्थल पर साइन बोर्ड लगाने व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की है।




**अधिग्रहण के बाद हुए काम :** सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट के गोदग्राम धसेड़ में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के बाद ग्राम धसेड़ में सीमेंट कांक्रीट सड़क, 4 हैंडपंप खनन और एक पुलिया का निर्माण किया है। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को काफी सहुलियत मिली है। ग्रामीणों का मानना है कि कंपनी ने हर साल एक करोड़ के विकास कार्यों का आश्वासन दिया था, वह आश्वासन अब तक पूरा नहीं हुआ। गांव में सबसे बुरे हाल विक्रमपुर से खकराढाना पहुंच मार्ग के हैं। बारिश के सीजन में यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील रहता है। जिसके चलते ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करके गांव में पहुंचना पड़ता है। ग्राम पंचायत धसेड़ में पांच गांव आते हैं। जिनमें बरेलीढाना, खकराढाना, सेमरताल, रयावाड़ी और धसेड़ शामिल है।

ग्राम पंचायत धसेड़ के ग्रामीण मिलने आए थे। मैं यहां के लिए फिलहाल नया हूं। जानकारी लेकर ग्रामीणों के पक्ष में जो संभव होगा कोशिश करेंगे।

**राजीव गुप्ता,** अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पॉवर प्लांट सारनी

### 57 किसानों से अधिग्रहित की थी 130 हेक्टेयर भूमि

साल 2009 में 250-250 मेगावाट क्षमता की बिजली इकाइयों से निकलने वाली राख को एकत्रित करने डेम निर्माण के लिए सतपुड़ा ताप गृह प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत धसेड़ के 57 किसानों की 130 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की थी। जिसका मुआवजा तो कंपनी द्वारा दिया गया है। लेकिन भूमि अधिग्रहण के समय ग्राम पंचायत को सालाना 1 करोड़ के विकास कार्य कराने दिए आश्वासन को अब तक पूरा नहीं किया है। जिसके चलते ग्रामीणों में कंपनी के प्रति आक्रोश पनप रहा है। गांव के राकेश उईके, रमेश उईके, सुरेश परते, कृष्णा मर्सकोले, राजेन्द्र उईके, अरविंद वरकड़े ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र देकर जरूरी विकास कार्य कराने की मांग की है।

## आधी रह गई किसानों की आय : जगदीश दोड़के

**मुलताई।** किसान संघर्ष समिति द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 जनवरी राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध दिवस के प्रचार-प्रसार हेतु बीज विधेयक व बिजली विधेयक 2025 रद्द करो, मनरेगा बहाल करो यात्रा आज छठवें दिन सुकाखेड़ी, मोही, भिलाई, हेटीखापा, वलनी, धारणी, जम्बाड़ी, देवरी, पारडसिंगा, परसठानी, बुकाखेड़ी, बांडिया, बघोली, लेंदागोंदी, सांवरी आदि गांव में पहुंची। किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जगदीश दोड़के ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से आय दोगुनी करने का वायदा किया था लेकिन वास्तविकता यह है कि किसानों का मक्का आधे दाम पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि हर गांव के किसान मक्का के दाम को लेकर आक्रोशित है लेकिन सड़कों पर आने को तैयार नहीं हैं। भाजपा मक्का का भाव दिलाने की बजाय किसानों को गदा यात्रा और हिंदू सम्मेलनों में उलझा रही है। उन्होंने सवाल किया कि जिन 60 गांवों का दौरा किया उन ग्रामों में 99.9 प्रतिशत हिंदू रहते हैं । मक्का का भाव नहीं मिलने के कारण सभी की आर्थिक हालत पतली है । उन्होंने कहा कि एसपी, कलेक्टर, विधायक, सांसद किसी की भी महीने की तनख्वाह कम नहीं होती फिर किसानों से क्यों भेदभाव किया जा रहा है ? इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए। महामंत्री भागवत परिहार ने कहा हम 28 वर्षों से किसानों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि पर्टियां कोई भी आए जाए, किसानों के मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए मजबूत किसान संगठन की जरूरत है, लेकिन पार्टियां और सरकारें किसानों का ध्यान भटकाने में कामयाब रहती है।

